# प्रभार पर चल रही एकीकृत बाल विकास परियोजना

## परियोजना अधिकारी का पद रिक्त, पर्यवेक्षक संभाल रहे जिम्मेदारी

### बरसात में आंगनबाड़ी केंद्रों की बदहाल स्थिति भी बनी चिंता

**कुरई नवभारत। विकासखंड कुरई स्थित कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना में परियोजना अधिकारी का पद पिछले कई वर्षों से नियमित रूप से भरा नहीं जा सका है। परिणामस्वरूप विभाग का संचालन लगातार प्रशासकीय प्रभार के माध्यम से किया जा रहा है। वर्तमान में पर्यवेक्षक नेहा ठाकुर को परियोजना अधिकारी का प्रशासकीय प्रभार सौंपा गया है।**




सूत्रों के अनुसार, नियमित परियोजना अधिकारी नहीं होने से कई प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। वहीं बरसात के मौसम में कई आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। बताया जा रहा है कि अनेक केंद्रों की छतों से पानी टपक रहा है, जिससे बच्चों और कार्यकर्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि लंबे समय से नियमित परियोजना अधिकारी की नियुक्ति नहीं होने के कारण विभाग का संचालन प्रभार के भरोसे ही किया जा रहा है। इससे व्यवस्थाओं में सुधार और आवश्यक निर्णयों में भी विलंब की स्थिति बन रही है।

इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज लारोकर ने बताया कि परियोजना अधिकारी का पद पिछले कई वर्षों से प्रशासकीय प्रभार पर संचालित हो रहा है। आने वाले समय में नियमित परियोजना अधिकारी की पदस्थापना होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि नियमित अधिकारी की नियुक्ति होने के बाद वर्तमान में आ रही समस्याओं के समाधान की दिशा में प्रभावी कार्यवाही की जा सकेगी।

## 10 कार्यवाहक एवं उप निरीक्षकों को निरीक्षक पद पर पदोन्नति, एसपी ने लगाए स्टार



**सिवनी नवभारत।** सिवनी जिले के 10 कार्यवाहक निरीक्षकों एवं उप निरीक्षकों को निरीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने सभी पदोन्नत अधिकारियों के कंधों पर निरीक्षक के स्टार लगाकर उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य और सफल कार्यकाल की कामना की। निरीक्षक पद पर पदोन्नत होने वाले अधिकारी में सतीश तिवारी (कार्यवाहक निरीक्षक), खेमेंद्र कुमार जैतवार (कार्यवाहक निरीक्षक), मोहनीश बैस (कार्यवाहक निरीक्षक), अनंती मर्सकोले (कार्यवाहक निरीक्षक), संदीपिका ठाकुर (कार्यवाहक निरीक्षक), आशीष खोबरागड़े (उप निरीक्षक), मनीष बंसोड़ (उप निरीक्षक), लक्ष्मण झारिया (कार्यवाहक निरीक्षक), शिव शंकर रामटेकर (कार्यवाहक निरीक्षक), बृजेश उइके (कार्यवाहक निरीक्षक) शामिल है।

# आईटीआई छात्र से बंधक बनाकर बेरहमी से मारपीट करने वाले 9 आरोपी गिरफ्तार



**सिवनी नवभारत।** सोशल मीडिया पर आईटीआई छात्र के साथ सामूहिक मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले का खुलासा कर दिया है। इस मामले में 5 आरोपियों एवं 4 विधि विवादित बालकों को गिरफ्तार किया गया है। घटना में प्रयुक्त डंडा और क्लच वायर भी बरामद कर लिया गया है, जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

पुलिस के अनुसार, पीड़ित सोहेल खान निवासी भोमा, थाना कान्हीवाड़ा, आईटीआई चूनाभट्टी का छात्र है। जांच में सामने आया कि 7 जून 2026 को दोपहर करीब 12:30 बजे वह आईटीआई राहंगडाले की कैंटीन में मौजूद था। इसी दौरान तीन मोटरसाइकिलों से पहुंचे कुछ युवक उसे जबरन अपने साथ खैरीटेक के समीप सुनसान स्थान पर ले गए, जहां पहले से मौजूद अन्य युवकों के साथ मिलकर उसकी बेरहमी से पिटाई की गई।

बताया गया कि आरोपियों ने आईटीआई में पढ़ने वाली अपनी बहन से बातचीत करने के विवाद को लेकर पीड़ित के साथ गाली-गलौज की और हाथ, लात, मुक्कों के अलावा पाइप, डंडे, क्लच वायर एवं रस्सी से उसकी पीठ और पैरों पर गंभीर चोटें पहुंचाई। आरोपियों ने मारपीट का वीडियो भी बनाया। इतना ही नहीं, पीड़ित की पीठ पर बने जख्मों पर तेल में नमक और मिर्च का घोल लगाकर उसे और अधिक प्रताड़ित किया गया। बाद में उसे वापस आईटीआई चूनाभट्टी लाकर आरोपी की बहन से पैर पकड़वाकर माफी मंगवाई गई तथा जान से मारने की धमकी देकर छोड़ दिया गया। भय के कारण पीड़ित ने तत्काल घटना की जानकारी किसी को नहीं दी।

पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली थाना में प्रकरण क्रमांक 626/2026 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत विवेचना शुरू की गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, नगर पुलिस अधीक्षक और एसडीओपी के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई। वायरल वीडियो एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने 5 आरोपियों और 4 विधि विवादित बालकों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। घटना में प्रयुक्त डंडा एवं क्लच वायर भी जब्त किए गए हैं।

### गिरफ्तार आरोपी

- ईश्वर उर्फ अस्मित मानाठाकुर (21 वर्ष), किदवई वार्ड, सिवनी
- मंजीत रैकवार (26 वर्ष), गंज वार्ड, सिवनी
- भूपेन्द्र उर्फ लकी विश्वकर्मा (21 वर्ष), रानी दुर्गावती वार्ड, सिवनी
- जीतू उर्फ अभय उइके (23 वर्ष), सिवनी
- अभिषेक उइके (28 वर्ष), रानी दुर्गावती वार्ड, सिवनी
- 4 विधि विवादित बालक (उम्र 16 से 17 वर्ष)

पुलिस ने बताया कि कुछ गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध पूर्व से भी मारपीट, अपहरण एवं अन्य आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। मामले में शामिल अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

इस कार्रवाई में कोतवाली, डूण्डासिवनी एवं लखनवाड़ा थाना पुलिस सहित विशेष टीम के अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान, विद्यार्थियों ने ली नशामुक्त मध्यप्रदेश की शपथ



**छपारा नवभारत।** नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत छपारा में दो प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में व्यापक नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। विभिन्न विभागों के संयुक्त प्रयास से आयोजित इन कार्यक्रमों में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अधिकारियों ने नशे के दुष्प्रभावों से समाज को मुक्त करने और नशामुक्त मध्यप्रदेश एवं भारत के निर्माण का संकल्प लिया। गत दिवस गुरुवार को छपारा नगर के शासकीय महाविद्यालय, संदीपनी विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जनपद पंचायत, सामाजिक न्याय विभाग, पुलिस विभाग तथा ब्रह्मकुमारी संस्थान के प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने नशामुक्त समाज के निर्माण की शपथ ली।

इसी क्रम में सांदीपनि विद्यालय, छपारा में खेल एवं युवा कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जनजातीय कार्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने, अपने परिवार एवं समाज को भी नशामुक्ति के लिए प्रेरित करने तथा स्वस्थ, सुरक्षित और जिम्मेदार नागरिक बनने की शपथ दिलाई गई। वक्ताओं ने कहा कि युवाओं को नशे की लत से बचाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। जागरूकता, शिक्षा और जनसहभागिता के माध्यम से ही नशामुक्त मध्यप्रदेश का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने नशामुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प भी लिया।


कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, शिक्षकों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही।

## विज्ञान अन्वेषण दिवस का हुआ आयोजन

सिवनी। शासकीय महाविद्यालय कुरई में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना प्रकोष्ठ के तत्वावधान में विज्ञान अन्वेषण दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रकोष्ठ प्रभारी एवं टी.पी.ओ. सुश्री अग्रता स्वामी ने की। अग्रता स्वामी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने, जिज्ञासा विकसित करने तथा अनुसंधान की भावना को जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक सोच समाज और राष्ट्र के विकास का महत्वपूर्ण आधार है।

### एक नजर में

#### उत्कृष्ट शिक्षक के रूप में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम राष्ट्रीय पुरस्कार



सिवनी। बी.एड. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, नवाचार, सामाजिक सरोकार तथा शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार एवं क्षेत्र के शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दीं। सम्मान समारोह में विभिन्न शिक्षाविदों एवं गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। सभी ने डॉ. संजय कुमार के कार्यों की सराहना करते हुए इसे संस्थान एवं क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताया।

#### 1 जून से अब तक जिले में 279.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज

सिवनी। जिले में मानसून की सक्रियता लगातार बनी हुई है। 01 जून से 17 जुलाई 2026 तक जिले में कुल 279.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बरघाट 353.3 मिमी के साथ जिले में सबसे आगे है। इसके बाद लखनादौन में 344.3 मिमी, केवलारी में 342.8 मिमी, सिवनी में 320.4 मिमी, कुरई में 249.0 मिमी, धनौरा में 234.5 मिमी, छपारा में 221.1 मिमी, तथा घंसौर में 169.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। वर्ष 2025 में 01 जून से 17 जुलाई तक 570.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई थी, जबकि इस वर्ष यह आंकड़ा 279.5 मिमी है।



## एनएचएम संविदा कर्मचारियों ने लंबित मांगों के निराकरण की मांग उठाई

**सिवनी नवभारत।** संयुक्त एनएचएम एसोसिएशन (संविदा-नियुक्त कर्मचारी) जिला सिवनी ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग को लेकर आवेदन सौंपा। आवेदन में एनएचएम पोर्टल में तकनीकी सुधार, बायोमेट्रिक उपस्थिति संबंधी समस्याओं का समाधान, सहायकों की व्यवस्था, प्रोत्साहन राशि का नियमित भुगतान, आयुष्मान हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के लिए मिलने वाली राशि का लाभ, दुर्गम क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों को जोखिम भत्ता तथा समय पर मानदेय भुगतान सहित अन्य मांगें रखी गई हैं। इस दौरान जिला अध्यक्ष विमलेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष उर्जा पटेल, जिला कोषाध्यक्ष सरोज बघेल, संरक्षक संदीपन उइके, जिला महासचिव राजेश कश्यप, राजीव साहू, विमला सोलंकी, पुष्पा भारती, शाहिद अंसारी, संतोष चौधरी, सीमा पटेल, लक्ष्मी बापचे सहित बड़ी संख्या में एनएचएम संविदा कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बच्चों को मिले ट्रैक सूट, बैग और शैक्षणिक सामग्री



**छपारा नवभारत।** वर्तमान समय में जहां एक तरफ ग्रामीण क्षेत्रों के कई सरकारी स्कूल बंद हो गए है या बंद होने की कगार पर आ गए हैं. किंतु इसके बाद भी कुछ सरकारी स्कूल के शिक्षक इन स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के लिए बच्चों के पालकों की तरह वह स्वयं के खर्चे से स्कूल की तस्वीर बदलने के लिए प्रयास कर रहे हैं. जो कि एक सराहनीय कदम है। जब विद्यालय के प्रधानपाठक राजकुमार आमदे एवं शिक्षकों की टीम ने अपनी वार्षिक परंपरा निभाते हुए कक्षा 1 से 8 तक के सभी विद्यार्थियों को पहनने के लिए ट्रैक सूट, स्कूल बैग, कॉपियां और पेन वितरित किए।

विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, कुछ वर्ष पहले यहां विद्यार्थियों की संख्या घटकर 30-40 रह गई थी, लेकिन शिक्षकों के नवाचार, ग्रामवासियों के सहयोग और सतत प्रयासों से अब यह संख्या वर्तमान में बढ़कर 80 से अधिक हो गई है। इस सत्र में ही 20 से अधिक नए विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है, जबकि बाहर पढ़ने वाले कई बच्चे भी वापस इस विद्यालय में प्रवेश ले रहे हैं।

उक्त कार्यक्रम में बीआरसीसी रविशंकर ठाकुर, संकुल प्राचार्य गंगेश बैस, जनशिक्षक प्रकाश श्रीवास्तव, विनोद साहू, राकेश डेहरिया, ज्ञानी राजपूत, बीएसी राकेश तिवारी, मंजूलाल इनवाती, घनश्याम सनोडि़या सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। ग्रामवासियों ने भी विद्यालय के शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की।कार्यक्रम के अंत में संस्था प्रमुख राजकुमार आमदे ने सभी अतिथियों, ग्रामवासियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में इसी तरह सामूहिक प्रयास जारी रखने का संकल्प दोहराया।

## एचआईवी एवं वीडीआरएल जांच शिविर में 277 व्यक्तियों की हुई जांच



**सिवनी नवभारत।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला सिवनी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय परिसर में 15 जुलाई से 17 जुलाई तक तीन दिवसीय एचआईवी एवं वीडीआरएल जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला अस्पताल, जिला जेल, विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों तथा अन्य विभागों से आए अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों ने स्वेच्छा से जांच कराई। शिविर के दौरान कुल 277 व्यक्तियों का एचआईवी एवं वीडीआरएल परीक्षण किया गया।

स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि इस प्रकार के जांच शिविरों का उद्देश्य समय पर बीमारी की पहचान कर उचित उपचार एवं परामर्श उपलब्ध कराना है। साथ ही लोगों को एचआईवी एवं अन्य यौन संचारित संक्रमणों के प्रति जागरूक करना भी अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने अधिक से अधिक लोगों से समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित जनहितकारी कार्यक्रमों का लाभ उठाने की अपील की।

## नीट परीक्षा में तीरथ गोल्हानी ने लहराया परचम



**सिवनी नवभारत।** कहानी शिक्षा के क्षेत्र में सिवनी जिले के एक और होनहार छात्र ने अपनी प्रतिभा का लोहा वनवाया है। कहानी ग्राम निवासी तीरथ गोल्हानी, जिन्हें परिजन प्यार से नमन के नाम से पुकारते हैं, नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने माता-पिता और जिले का नाम रोशन किया है।

तीरथ गोल्हानी (नमन) की इस सफलता पर उनके परिवार में हर्ष का माहौल है। वे कहानी ग्राम के निवासी जितेंद्र गोल्हानी और रजनी गोल्हानी के सुपुत्र हैं। अपनी इस उपलब्धि के बारे में बात करते हुए परिजनों ने बताया कि तीरथ बचपन से ही पढ़ाई में काफी मेधावी रहे हैं और डॉक्टर बनने का सपना साकार करने के लिए उन्होंने कठिन परिश्रम और निरंतर अभ्यास किया।

तीरथ की इस कामयाबी की खबर मिलते ही उनके घर पर बधाई देने ग्रामवासी आने लगे है। ग्रामीण जनों और रिश्तेदारों ने तीरथ को उनकी इस शानदार सफलता पर शुभकामनाएं दी हैं। परिजनों ने तीरथ की सफलता का श्रेय उनकी कड़ी मेहनत, गुरुजनों के मार्गदर्शन और माता-पिता के आशीर्वाद को दिया है।

तीरथ गोल्हानी (नमन) की यह उपलब्धि क्षेत्र के अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बनी है, जो मेडिकल क्षेत्र में अपना करियर बनाने का सपना देख रहे हैं।

## माहवारी स्वच्छता एवं प्रबंधन विषय पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित




**सिवनी नवभारत।** संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग, भोपाल द्वारा प्राप्त निर्देशों के पालन में हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वुमेन एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, लखनादौन में जेंडर सेंसिटिविटी एवं माहवारी स्वच्छता एवं प्रबंधन विषय पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में छात्राओं को लैंगिक समानता, बालिकाओं के अधिकार, सम्मानजनक व्यवहार, शिक्षा का महत्व तथा महिलाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने की जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि जेंडर सेंसिटिविटी का उद्देश्य समाज में समान अवसर, सम्मान और भेदभाव-मुक्त वातावरण सुनिश्चित करना है। कार्यशाला के दौरान माहवारी स्वच्छता एवं प्रबंधन पर विस्तार से जानकारी देते हुए मासिक धर्म के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता, सैनिटरी पैड के सही उपयोग एवं सुरक्षित निस्तारण, संतुलित आहार, संक्रमण से बचाव तथा माहवारी से जुड़े मिथकों पर चर्चा की गई। छात्राओं को बिना किसी संकोच के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर परिवार, शिक्षकों से परामर्श लेने के लिए प्रेरित किया गया।

अंत में सभी छात्राओं से अपने परिवार एवं समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में केस वर्कर वन स्टॉप सेंटर श्रीमती सोनल सक्सेना, पर्यवेक्षक श्रीमती चंद्रकांता भलावी, हितेश वालबड्डे, पंकज सोनी सहित शाला प्राचार्य,शिक्षकगण सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।

**प्रदर्शन** — 300 से अधिक कार्यकर्ताओं के साथ एसपी कार्यालय पहुंचा मोर्चा, 7 दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो आमरण अनशन की चेतावनी

# छात्रा को न्याय दिलाने भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा का शक्ति प्रदर्शन



**सिवनी नवभारत।** अनुसूचित जाति वर्ग की एक छात्रा को न्याय दिलाने की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा, जिला सिवनी ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और पुलिस प्रशासन को सात दिन के भीतर निष्पक्ष कार्रवाई करने का अल्टीमेटम दिया। जिला अध्यक्ष वीरेंद्र डहेरिया के नेतृत्व में लगभग 300 से अधिक भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, पीड़ित परिवार के सदस्य तथा अनुसूचित जाति समाज के लोग एसपी कार्यालय पहुंचे और पुलिस अधीक्षक के नाम एसडीओपी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन की प्रति जिला कलेक्टर सहित संबंधित अधिकारियों को भी प्रेषित की गई।

जिला अध्यक्ष वीरेंद्र डहेरिया ने कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग की छात्रा ने गंभीर आरोपों को लेकर पुलिस को लिखित शिकायत दी है, लेकिन अब तक कानून के अनुरूप अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक पीड़ित परिवार का मामला नहीं, बल्कि कानून के शासन और न्याय व्यवस्था में समाज के विश्वास से जुड़ा विषय है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा किसी को बिना जांच दोषी ठहराने की मांग नहीं कर रहा, बल्कि शिकायत की निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध जांच चाहता है। मोर्चा की ओर से ज्ञापन में मांग की गई है कि शिकायत की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक होने पर तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए, पीड़िता एवं उसके परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए तथा जांच में दोष सिद्ध होने पर संबंधित आरोपी के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाए। साथ ही पूरे मामले की निगरानी किसी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी से कराई जाए, ताकि जांच निष्पक्ष ढंग से पूरी हो सके। वीरेंद्र डहेरिया ने कहा कि भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा समाज की बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और न्याय के लिए हमेशा संघर्ष करता रहा है। यदि किसी बेटी के साथ अन्याय होता है तो संगठन पूरी संवैधानिक और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत उसके साथ खड़ा रहेगा।

उन्होंने पुलिस प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सात दिनों के भीतर कानून के अनुरूप प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो आठवें दिन पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने आमरण अनशन शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक और संविधान सम्मत होगा तथा पीड़िता को न्याय मिलने तक जारी रहेगा। इस दौरान भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष संतोष नागपुरे, पूर्व जिला महामंत्री अजय डागोरिया, जिला मंत्री मुनिया टांक, मयूर दुबे, मनोज नामदेव, एडवोकेट महेश लारोकर, सुखदेव जी, प्रमोद अहिरवार, राजकुमार फर्बे, विजय नंदन, संतोष माना ठाकुर, नरेश माना ठाकुर सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और अनुसूचित जाति समाज के नागरिक उपस्थित रहे।

> **आंदोलन की चेतावनी**
>
> ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, गृह मंत्री, पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक, जिला कलेक्टर, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग, राष्ट्रीय महिला आयोग तथा मध्यप्रदेश राज्य महिला आयोग को भी भेजे जाने का उल्लेख किया गया। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने कहा कि यदि समयबद्ध कार्रवाई नहीं हुई तो लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

## सांदीपनि विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**सिवनी नवभारत।** मध्यप्रदेश शासन एवं पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार संचालित नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को संदीपनी विद्यालय, सिवनी में विशाल नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 700 छात्र-छात्राओं ने भाग लेते हुए नशामुक्त रहने की शपथ ली।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, नगर पुलिस अधीक्षक चंचलेश मरकाम, एसडीओपी सचिन परते, कोतवाली थाना प्रभारी सतीश तिवारी, महिला थाना प्रभारी संदीपिका ठाकुर, मार्गिक फाउंडेशन से शिवानी बघेल, योग प्रशिक्षक श्वेता मिश्रा, संदीपनी विद्यालय के प्राचार्य विमल कुमार ठाकुर, विद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवावस्था जीवन की सबसे महत्वपूर्ण अवस्था होती है और इसी समय लिए गए निर्णय भविष्य की दिशा तय करते हैं। उन्होंने कहा कि शराब, तंबाकू, गुटखा, सिगरेट, ई-सिगरेट, गांजा, अफीम सहित किसी भी प्रकार का नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवार और समाज के लिए हानिकारक है। नशे की लत व्यक्ति को मानसिक, शारीरिक एवं आर्थिक रूप से कमजोर बनाती है और कई बार अपराध की ओर भी धकेल देती है।

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने गलत संगति से दूर रहने, नशे के लिए उकसाने वालों का विरोध करने, खेल, योग, संगीत और पढ़ाई को जीवन का हिस्सा बनाने, किसी भी समस्या पर माता-पिता एवं शिक्षकों से खुलकर चर्चा करने तथा सोशल मीडिया और फिल्मों की भ्रामक चमक से प्रभावित नहीं होने की सलाह दी।

कार्यक्रम के दौरान योग प्रशिक्षक श्वेता मिश्रा ने विद्यार्थियों को तनावमुक्त जीवन के लिए योग के महत्व की जानकारी दी और नियमित योगाभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। अंत में विद्यालय के प्राचार्य विमल कुमार ठाकुर ने पुलिस प्रशासन एवं उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया।